आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रवासी हिमाचलियों से प्रदेश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कनाडा में हिमाचली प्रवासियों ने हर्षोल्लास से दशहरा पर्व मनाया है और वे प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि कनाडा में रह रहे हिमाचली प्रदेश के सच्चे ब्रांड एंबेस्डर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और प्रवासी हिमाचलियों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा किए गए निवेश से हिमाचल ऊर्जा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

कुल्लू दशहरा

कुल्लू का अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में भगवान रघुनाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें सैंकड़ों देवी–देवताओं सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पारम्परिक वेशभूषा में भाग लिया। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस मौके मौजूद रहे। इससे पहले कुल्लू पहुंचे सैंकड़ों देवी देवताओं ने भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में हाजरी भरी और माता हिडिंबा के पहुंचने पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। यह सभी देवी देवता एक सप्ताह तक ढालपुर मैदान में ठहरेगें और वाद्य यंत्रों की मधुर स्वर लहरियों से वातावरण देवमय हो गया है। दशहरा उत्सव के दौरान 25 देशों के सांस्कृतिक दल जहां अपनी प्रस्तुतियां देंगे, वहीं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान 19 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यक्रमों व उपलब्धियों को दर्शाती झांकियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 19 अक्तूबर को मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

आपदा दिवस

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम शमन दिवस आज समूचे विश्व में मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य विश्व में इस बारे में जागरूकता बढाना और आपदा शमन संस्कृति को बढावा देना है। इस वर्ष का विषय है ''उज्जवल भविष्य के लिए अगली पीढी को सशक्त बनाना''। यह विषय आपदा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की रक्षा करने और उन्हें सशक्त बनाने में शिक्षा की भूमिका को दर्शाता है। इस वर्ष शिक्षा के जरिए बच्चों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा इसका उद्देश्य बच्चों को अपने परिवार और समुदाय में परिवर्तन लाने और स्वयं की रक्षा करने योग्य बनाना भी है।

मुकेश अग्निहोत्री

कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर तीन सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जयसिंहपुर में राज्यस्तरीय दशहरा उत्सव के समापन समारोह में अपने संबोधन में बताया कि जयसिंहपुर में नए बस अड्डे और जलशक्ति विभाग के विश्राम गृह का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचरूखी में पेयजल योजना के लिए 36 करोड़ रुपए दिए गए है और सिंचाई की दो नई योजनाओं के लिए लगभग 16 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में कलां व संस्कृति के संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं और हिमाचली कलाकारों को उत्सवों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मौके पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा भी मौजूद रहे।

केवल सिंह पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य बनाने के प्रयास कर रही है और व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई वित्तीय संकट नहीं है और सरकार ने कर्मचारियों व पैंशनरों को पहली जनवरी 2023 से देय मंहगाई भत्ते की चार फीसदी किश्ते देने का ऐलान किया है जिससे एक लाख 80 हजार कर्मचारी व लगभग एक लाख 70 हजार पैंशनर

लाभान्वित होंगे। पठानिया ने कहा कि इसके अलावा दीपावली के उपलक्ष्य में सभी कर्मचारियों व पैंशनरों को अक्तूबर महीने का वेतन और पैंशन का भुगतान इसी महीने की 28 तारीख को कर दिया जाएगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर विकास के मामले में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नए संस्थान खोलने की बजाए कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए सैकड़ों संस्थान बदले की राजनीति से बंद कर दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर राज्य सरकार जनविरोधी निर्णय ले रही है और कर्मचारी व पैंशनर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की मदद से चल रही है और सरकार के पास अपने संस्थान चलाने के भी पैसे नहीं है।

भाजपा

भाजपा का सक्रिय सदस्यता का अभियान 16 अक्तूबर से शूरू हो रहा है। इसे लेकर कल 14 अक्तूबर से प्रदेश के अनेक स्थानों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी भाग लेंगे। ऊना में होने वाली कार्यशाला में मीडिया विभाग के प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत से कार्यकर्ता उत्साहित है और लोगों ने कांग्रेस के झूठ को नकार दिया है।

....